This question paper contains 4 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....................

# 5103

## B.Com. (बी.कॉम.) / I A

## Paper V – HINDI (A)

## प्रश्न-पत्र V – हिन्दी (क)

**(भाषिक प्रयोग और क्षमता, संप्रेषण क्षमता, काव्य संकलन, गद्य संकलन, द्रुत वाचन इत्यादि)**

**(प्रवेश वर्ष 2006 और तत्पश्चात्)**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

1. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

नाम अजामिल से खलकोटि, अपार नदी भव बूड़त काढ़े ।
जो सुमिरे गिरि मेरु सिला-कन, होत अजाखुर बारिधि बाढ़े ।।
तुलसी जेहि के पदपंकज तें, प्रगटि तटिनी जो हरे अघ गाढ़े ।
सो प्रभु या सरिता तरिबे कहँ, माँगत नाव करार ह्वै ठाढ़े ।।

**अथवा**

धूप-दीप-नैवेद्य नहीं है
झाँकी का शृंगार नहीं ।
हाय ! गले में पहनाने को
फूलों का भी हार नहीं ।।
कैसे करूँ कीर्तन,
मेरे स्वर में है माधुर्य नहीं ।
मन का भाव प्रकट करने को
वाणी में चातुर्य नहीं ।। 6

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अपना क्या है इस जीवन में
सब तो लिया उधार
सारा लोहा उन लोगों का
अपनी केवल धार ।

(i) 'अपना क्या है इस जीवन में' .......... पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ii) रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए । 5

2. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

शास्त्रार्थ के नियमों में माता का हृदय नहीं बाँधा जा सकता । शास्त्र में सिद्धान्त है, प्रेरणा नहीं है । शास्त्र में माता की प्रशस्ति है, किन्तु माता के हृदय का स्पन्दन नहीं है । शास्त्र तो तत्त्व की बात कहता है, उसे आँसुओं की तरलता और सुख की विह्वलता का अनुभव नहीं है ।

**अथवा**

वीरता का विकास नाना प्रकार से होता है । कभी तो उसका विकास लड़ने मरने में, ख़ून बहाने में, तलवार और तोप के सामने जान गँवाने में होता है । कभी प्रेम के मैदान में उसका झण्डा होता है । कभी साहित्य और संगीत में वीरता खिलती है । कभी जीवन के गूढ़ तत्त्व और सत्य की तलाश में बुद्ध जैसे राजा विरक्त होकर वीर हो जाते हैं । कभी किसी आदर्श पर और कभी किसी पर वीरता अपना फरहरा लहराती है । 6

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दफ्तर से वह इसी उधेड़बुन में चले आ रहे थे । डर रहे थे कि घर में कहीं बात बढ़ी न हो । उनके मन में पुत्र के लिए करुणा का भाव था । उन्हें अपना बचपन याद आता था कि किस तरह बचपन में उन्हें ही गलत समझा गया था । रवीन्द्रनाथ ठाकुर की इन्ट्रेंस में पढ़ी 'होमकमिंग' कहानी का वह लड़का याद आता था, जिसका नाम चाहकर भी वह स्मरण न कर पाते थे कि लड़कों की अपनी स्वप्न की दुनिया अलग होती है । हम बड़ों का प्रवेश वहाँ निषिद्ध है । अपने स्वप्नों पर चोट वह नहीं सह सकते ।

(i) रवीन्द्रनाथ ठाकुर की 'होमकमिंग' कहानी का मूल भाव क्या है ?

(ii) बच्चों की दुनिया में हम बड़ों का प्रवेश क्यों निषिद्ध है ? **5**

3. 'हिमाद्रि तुंगशृंग से' **अथवा** 'पथिक' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए । **7**

4. 'गेहूँ और गुलाब' निबंध **अथवा** 'सौंदर्य की नदी नर्मदा' यात्रा-वृत्तान्त का सार लिखिए । **7**

5. (क) ब्रजभाषा **अथवा** खड़ी बोली के स्वरूप पर प्रकाश डालिए । **4**

(ख) संक्षेपण **अथवा** टिप्पण की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए । **4**

6. (क) कोश की परिभाषा बताते हुए विश्वकोश की विशेषतायें लिखिए । **4**

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए :

सार, पर, गुलाब, भाषा, विश्व, फूल, यात्रा, कमल ।

(ख) कम्प्यूटर में हिन्दी प्रयोग की सम्भावना पर प्रकाश डालिए । **3**

(ग) किन्हीं **चार** शब्दों के हिन्दी प्रतिरूप लिखिए :
Contract, Commerce, Deal, Gross, Insured, Payment. 4

7. (क) कार्यालयी पत्र लेखन के प्रकार बताइए ।

**अथवा**

विवाह हेतु स्ववृत्त तैयार कीजिए । 4

(ख) विज्ञापन की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए । 4

(ग) किसी **एक** पर संक्षिप्त लेख लिखिए :

(i) जनसंख्या एक अभिशाप,

(ii) कॉलेज का प्रथम दिन,

(iii) यदि मैं क्रिकेटर होता,

(iv) प्रदूषण की समस्या । 4

8. 'गोदान' उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) धनिया किसकी पत्नी थी ? धनिया ने अपने पति की मृत्यु के क्षणों में उसके हाथ पर क्या रख कर गोदान कराया ?

(ii) 'गोबर' में नयी पीढ़ी की कौन सी दो विशेषतायें दिखाई देती हैं ?

(iii) 'मालती' के चरित्र की दो विशेषतायें बताइए ।

(iv) 'गोदान' में वर्णित शहरी जीवन की दो विशेषतायें बताइए ।

**अथवा**

'इला' नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'इला' नाटक की कथावस्तु की दो विशेषतायें लिखिए ।

(ii) 'मनु' के चरित्र की दो विशेषतायें बताइए ।

(iii) 'इला' नाटक की भाषा की दो विशेषतायें बताइए ।

(iv) 'इला' नाटक के लेखक का नाम लिखिए । 8

This question paper contains 8+2 printed pages]

*आपका अनुक्रमांक*........................

**5104**

**B.Com. (बी.कॉम.)/I** **A**

Paper V—HINDI (B)

प्रश्न-पत्र V—हिंदी (ख)

(भाषिक प्रयोग एवं क्षमता, संप्रेषण-क्षमता, काव्य संकलन, गद्य संकलन, द्रुतवाचन इत्यादि)

(प्रवेशवर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

**टिप्पणी :—** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) स्याम भए राधा बस ऐसैं ।

चातक स्वाति, चकोर चंद ज्यों, चक्रवाक रवि जैसैं ।।

नाद कुरंग, मीन जल की गति, ज्यौं तनु कैं बस छाया ।
इकटक नैन अंग-छवि मोहे, थकित भए पति जाया ।।
उठैं उठत बैठैं बैठत हैं, चलैं चलत सुधि नाहीं ।
सूरदास बड़भागिनि राधा, समुझि मनहिं मुसुकाहीं ।।

**अथवा**

कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत लजियात ।
भरे भौन में करत हैं, नैननु हीं सब बात ।।
नहिं परागु नहिं मधुर मधु नहिं बिकासु इहिं काल ।
अली, कली ही सौं बंध्यौ, आगैं कौन हवाल ।। 5

(ख) मार से लाजो को शारीरिक पीड़ा तो होती ही थी पर उससे अधिक होती थी अपमान की पीड़ा । ऐसा होने पर वह कई-कई दिनों के लिए उदास हो जाती । घर का सब काम करती रहती । बुलाने पर उत्तर भी दे देती । इच्छा न होने पर भी कन्हैया की इच्छा का विरोध न करती, पर मन ही मन सोचती रहती, इससे तो अच्छा है मर जाऊँ । और फिर समय पीड़ा को कम कर देता । जीवन

था तो हँसने और खुश होने की इच्छा भी फूट पड़ती थी और लाजो फिर हँसने लगती । उसने सोच लिया था – मेरा पति है, जैसा भी है मेरे लिए तो यही सब कुछ है ।

**अथवा**

नाम-उपनामों का यह विरोधाभासमूलक गठबन्धन हमारे कवि-समाज का स्मरण न दिलाए, तो आश्चर्य की बात होगी । हमारे यहाँ भी एक व्यक्ति, जीवन में अकिंचन, रूप में कोयला, नाम से हीरालाल और उपनाम से शरदेन्दु होकर भी उपहासास्पद नहीं माना जाता । अकिंचनता सामाजिक व्यवस्था से सम्बन्ध रखती है, रूप प्रकृति का दान है और नाम माता-पिता का उपहार कहा जाएगा । शेष एक उपनाम ही रह जाता है, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व उन्हीं को सँभालना होगा । सम्भवतः इसी कारण वे अपने में किसी विशेषता के अभाव या भाव की चिन्ता न करके संसार की सुन्दरतम वस्तु को मिली हुई संज्ञा पर अधिकार जमाना चाहते हैं । 5

2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) वह तोड़ती पत्थर ।

देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर

वह तोड़ती पत्थर ।

कोई न छायादार

पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,

श्याम तन, भर बँधा यौवन,

नत नयन, प्रिय कर्मरत मन ।

गुरु हथौड़ा हाथ,

करती बार-बार प्रहार –

सामने तरु मालिका अट्टालिका, प्राकार ।

**प्रश्न** :–

(*i*) 'तोड़ती पत्थर' कविता में निराला ने मज़दूर स्त्री के सौन्दर्य का चित्रण किस प्रकार किया है ?

(*ii*) 'नत नयन प्रिय कर्मरत मन' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । 3+2=5

(ख) निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कहीं कोई दु:खिनी माँ, दूर देश भाग जाने वाले पुत्र को वात्सल्य भरा उद्‌गार लिख भेजने के लिए विकल है, कहीं कोई ससुराल की बन्दिनी बहू, भाई को सावन में आने की स्मृति दिलाने के लिए आतुर है । कहीं कोई चाचा रक्त-सम्बन्ध के आधार पर भतीजे से बैल खरीदने में सहायता माँगता है । कहीं कोई बहनोई विवाह-सम्बन्ध का उल्लेख कर साले से, रेहन रखे खेत छुड़ा देने का अनुरोध करता है ।

इस प्रकार पत्र-प्रेषकों के वर्ग में सीमातीत विविधता है । पत्र के विषय इतने भिन्न रहते हैं कि कोई पत्र-लेखन-कला का विशेषज्ञ भी किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो जाएगा । फिर मेरी तो इस कला में उतनी भी गति नहीं, जितनी काव्य में एक तुक्कड़ की होती है । पत्र-लेखन-कला में मेरी घोर अपटुता के साथ जब पत्र-प्रेषकों की

दुर्बोधता भी मिल जाती है, तब तो यह कार्य और भी कठिन हो उठता है ।

**प्रश्न :—**

(*i*) उक्त अनुच्छेद में किन-किन मानवीय रिश्तों की चर्चा की गई है ?

(*ii*) लेखिका के लिए पत्र-लेखन का कार्य क्यों कठिन हो जाता है ? 2+3=5

3. बच्चन की 'मधुशाला' के मूल कथ्य की विवेचना कीजिए ।

**अथवा**

रैदास की भक्ति का स्वरूप स्पष्ट कीजिए । 8

4. 'इमारत गिराने वाले' कहानी का सार लिखिए ।

**अथवा**

फूलमती का चरित्र-चित्रण कीजिए । 7

5. "जिस लाहौर नहीं देख्या ओ जम्याई नई" नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 8

(*i*) पहलवान रतन की अम्मा को घर से क्यों निकलवाना चाहता है ?

(*ii*) रतन की माँ अपनी हवेली क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

(*iii*) पहलवान मौलाना साहब को क्यों मारता है ?

(*iv*) क्या रतन की माँ इस नाटक की आदर्श पात्र है ?

**अथवा**

"दिलोदानिश" उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

(*i*) बदरू के चरित्र की **चार** विशेषताएँ बताइए ।

(*ii*) वकील साहिब ने फ़र्ज़ के नाम पर महक से क्या कहा था ?

(*iii*) वकील साहिब अपनी हवेली के बारे में क्या सोचते हैं ?

(*iv*) 'मासूमा' की शादी की क्या शर्त थी ? उसका महकबानो पर क्या प्रभाव पड़ा था ?

6\. (क) किसी **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 4

(*i*) राष्ट्रभाषा और राजभाषा में अन्तर

(*ii*) मानक भाषा की विशेषताएँ

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

अतिकर्मण, अच्छर, प्रायह, आर्शीवाद, इस्त्री, उदाहर्ण, निर्दोश, कृपिया ।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(*i*) मेरे को इससे कोई मतलब नहीं ।

(*ii*) वह आप से आप चला गया ।

(*iii*) एक गरम कप चाय का दीजिए ।

(*iv*) हमारे देश का पतन हम नहीं देख सकते ।

7\. (क) निम्नलिखित शब्दों को वर्ण-क्रमानुसार लिखिए : 4

पावन, अन्तर, धारणा, ईर्ष्या, आसमान, कमल, चिमटा, ज्ञान ।

अथवा

द्विभाषी कोश का परिचय देते हुए उसकी विशेषता पर प्रकाश डालिए ।

(ख) "ग्राहकों की सुविधा के साथ-साथ बैंकों के विस्तार में हिंदी का महत्वपूर्ण योगदान है ।" विवेचना कीजिए । 4

(ग) किन्हीं **चार** पारिभाषिक शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए :

Inflation, Import, Seller, Warranty, Rate, Lump sum. 4

8. (क) किसी प्रकाशक से पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखिए । 4

अथवा

किसी कम्पनी में नौकरी के लिए आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करने हेतु स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए ।

(ख) भेंटवार्ता की विशेषताएँ बताइए । 4